an>

Title: Need to take steps to set up a Model school as well as an Eklavya Residential School in district Betul, Madhya Pradesh.

श्रीमती ज्योति धुर्वे (बैतूल) : मध्य प्रदेश स्थित बैतूल जिला अति पिछड़ा एवं आदिवासी बहुत क्षेत्र में है । वहां शिक्षा हेतु पर्याप्त व्यवस्था ना होने के कारण अध्ययन हेतु काफी दूर जाना पड़ता है, पढ़ाई करने में भी कठिनाई आती है । बैतूल जिला में मॉडल स्कूल एवं एकलव्य आवासीय विद्यालय की तत्काल आवश्यकता है जिससे वहां के शिक्षार्थियों को पढ़ाई करने में आसानी होगी ।

अतः मैं जनहित में मांग करती हूँ कि मध्य प्रदेश राज्य में बैतूल जिला में एक मॉडल स्कूल एवं एकलव्य आवासीय विद्यालय खुलवाने हेतु शीघ्र उचित कदम उठाए जाए ।